झारखण्ड मुक्ति मोर्चा
JHARKHAND MUKTI MORCHA
केन्द्रीय समिति Central Committee

पत्रांक/Ref. JMM/170/F-54/2026-2027 दिनांक/Date 25/05/2026

सेवा में,

माननीय मुख्य चुनाव आयुक्त,
भारत निर्वाचन आयोग,
अशोका रोड, नई दिल्ली – 110001

संदर्भ : प्रस्तावित 18 जून 2026 को झारखण्ड का द्विवार्षिक राज्य सभा चुनाव

महाशय,

आपका ध्यान संदर्भ विषय वस्तु पर आकृष्ट करते हुए कहना है कि –

1. आपको विदित हो कि षष्ठम् झारखण्ड विधानसभा साधारण निर्वाचन में चुनाव पूर्व गठबंधन के द्वारा हमारी पार्टी झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के 34 विधानसभा सदस्य, भारतीय राष्ट्रीय कॉंग्रेस के 16 विधानसभा सदस्य, राष्ट्रीय जनता दल के 4 विधानसभा सदस्य तथा भाकपा (माले) के 2 विधानसभा सदस्य, कुल 56 विधानसभा सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए। तत्पश्चात चारो विधायक दलों ने सर्वसम्मती से हमारे नेता श्री हेमन्त सोरेन जी को संयुक्त विधायक दल का नेता निर्वाचित किया। तत्पश्चात माननीय राज्यपाल महोदय ने श्री हेमन्त सोरेन जी को मुख्यमंत्री के पद पर नामित कर उन्हें पद एवं गोपनियता की शपथ दिलवाई। तद्अनुसार मंत्री परिषद् का भी गठन हुआ।
2. महोदय को विदित है कि झारखण्ड राज्य विधानसभा में कुल 81 माननीय सदस्य हैं तथा झारखण्ड राज्य से 6 राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होते हैं, जो प्रत्येक दो वर्ष के अन्तराल में एक तिहाई के रूप में निर्वाचित होते हैं।
3. महोदय को विदित है कि राज्यसभा के लिए प्रस्तावित उम्मीदवारों को न्यूनतम 28 विधानसभा सदस्यों का पहला वरीयता का मत मिलने से वह विजयी होता है। अतः 56 सदस्यों का हमारे बीच होने से दो राज्यसभा का निर्वाचित सदस्य होना सुनिश्चित है।
4. महोदय को विदित है कि झारखण्ड राज्य विधानसभा में मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी के कुल 21 सदस्य ही विद्यमान हैं। परन्तु नेता प्रतिपक्ष श्री बाबुलाल मरान्डी जी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री आदित्य साहु जी, सांसद सार्वजनिक तौर पर यह घोषणा करते हैं कि प्रस्तावित अगामी 18 जून के राज्य सभा निर्वाचन में वे अपना उम्मीदवार उतारेंगे, जो इस बात की ओर ईशारा करता है कि –

   क) पर्याप्त मतदाता संख्या न होने के कारण उनके द्वारा बड़े पैमाने पर विधायकों को आर्थिक प्रलोभन, अनैतिक वाह्य दबाव उत्पन्न कर तथा भयादोहन कर अपने पक्ष में मतदान करने के लिए मजबूर कर सकते हैं।

(क्रमशः पृष्ठ 2...)

फोन/Phone : 2542009, फैक्स/Fax : 2542009
प्र. का. : बरियातु रोड, राँची-834009, H.O. : Bariatu Road, Ranchi- 834009
Phone : 7541891222
E-mail : jharkhandmuktimorcha@yahoo.co.in

पत्रांक/Ref. .... दिनांक/Date ....

अतः महोदय से आग्रह है कि. झारखण्ड में राज्यसभा के मतदान में भ्रष्टाचार एवं भयमुक्त वातावरण निर्माण के लिए सजग हो कर पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा भारत सरकार के अधिनस्थ केन्द्रीय अन्वेशन ब्यूरो, प्रवर्तन निदेशालय, राजस्व खुफिया निदेशालय, केन्द्रीय सतर्कता आयोग तथा राज्य सरकार के अधीन भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (झारखण्ड) को आवश्यक सर्तकता के साथ सक्रिय तौर पर सर्तक रहने का निर्देशन प्रेषित करें।

धन्यवाद्!

भवदीय,

[signature] 25/05/2024

(सुप्रियो भट्टाचार्य)

महासचिव

प्रतिलिपि : मुख्य निर्वाची पदाधिकारी
झारखण्ड